**प्रेस नोट**

**जनपद अम्बेडकरनगर**

**दिनांक-07.07.2024**

**जनपद अम्बेडकरनगर थाना बेवाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम संगिया नरायनपुर में हत्या की घटना से सम्बन्धित फरार चल रहे एक नफर अभियुक्त दिलीप यादव पुत्र राजमणी यादव को किया गया गिरफ्तार।**

**घटना के बारे में उल्लेखनीय है कि**-दिनांक-06.07.2024 को थाना बेवाना जनपद अम्बेडकरनगर पर सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम संगिया नरायनपुर के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है उक्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की गई तो शव की पहचान विनोद उपाध्याय पुत्र बाबूराम उपाध्याय निवासी उस्मापुर ताराखुर्द थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र-लगभग-45 वर्ष के रूप में हुई प्रकरण के सम्बन्ध में मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-92/24 धारा-103(1)बीएनएस 2023 बनाम यशवन्त यादव पुत्र राजमणी यादव व सुनील यादव पुत्र राजमणी यादव निवासीगण बरामद लोहरा थाना महरुआ जनपद अम्बेडकरनगर पंजीकृत किया गया। दिनांक 06.07.2024 को थाना बेवाना पुलिस टीम, स्वाट टीम व सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से घटना से सम्बन्धित में 04 नफर अभियुक्तों को जेल भेजा जा चुका है।

इसी क्रम में जनपद अम्बेडकरनगर थाना बेवाना पुलिस टीम द्वारा दिनांक 07.07.2024 को समय करीब 19.45 बजे मुखबीर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर फरार चल रहे अभियुक्त दिलीप यादव पुत्र राजमणी यादव निवासी बरामदपुर लोहरा थाना महरुआ जनपद अम्बेडकरनगर को बेवाना-कूर्चा रोड मोमीनपुर मोड़ थाना बेवाना जनपद अम्बेडकरनगर से एक अदद पिस्टल 09 एमएम, एक अदद जिंदा कारतूस, एक बलेनो कार UP32 MF0960 के साथ गिरफ्तार किया गया।

**विवरण गिरफ्तार अभियुक्त-**

01-दिलीप यादव पुत्र राजमणी यादव निवासी बरामदपुर लोहरा थाना महरुआ जनपद अम्बेडकरनगर।

**विवरण बरामदगी-**

एक अदद पिस्टल 09 एमएम।

एक अदद जिंदा कारतूस।

एक अदद बलेनो कार UP32 MF0960।

**विवरण पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0-92/24 धारा-103(1)बीएनएस 2023 थाना बेवाना जनपद अम्बेडकरनगर (मुकदमा उपरोक्त में धारा-191(2), 191(3), 190, 61(2), 3(5) बीएनएस व 3/25, 4/25 आर्म्स एक्ट तथा 3/7/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई।)

**विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-**

01-थानाध्यक्ष श्री प्रेमचन्द्र थाना बेवाना जनपद अम्बेडकरनगर।

02-उ0नि0 विवेक कुमार

03-हे0का0 रुकसार अहमद

04-हे0का0 रवि सिंह

05-हे0का0 सचीन्द्र मिश्रा

06-का0 रजनीश कुमार